# मध्य प्रदेश पुलिस

"देश भक्ति – जन सेवा"

कार्यालय पुलिस महानिरीक्षक, एटीएस, मध्य प्रदेश भोपाल

एटीएस, मध्यप्रदेश की सायबर एनालिसिस यूनिट हेतु संविदा आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए पात्र अभियार्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क्र | पद नाम | समकक्ष पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | सिस्टम एनालिस्ट (डाटा) | पुलिस अधीक्षक/<br>अति. पुलिस अधीक्षक | 01 |
| 2 | सॉफ्टवेर डेवलपर (साइबर सिक्यूरिटी इंजिनियर) | निरीक्षक | 01 |
| 3 | असिस्टेंट प्रोग्रामर (मोबाइल सॉफ्टवेर डेवलपर) | सहायक उप निरीक्षक | 01 |
| 4 | असिस्टेंट प्रोग्रामर (मोबाइल सिक्यूरिटी) | सहायक उप निरीक्षक | 01 |

सामान्य नियम एवं शर्तें:

- अभ्यर्थियों का एमपी ई सर्विसेज-पोर्टल पर मूल पंजीकरण करना आवश्यक है तत्पश्चात अभ्यर्थी को दिए गए लिंक https://services.mp.gov.in/eservice/ के माध्यम से ही आवेदन करना होगा।
- एमपी ई सर्विसेज-पोर्टल द्वारा पंजीकृत अभ्यर्थियों के आवेदन ही मान्य किये जायेंगे।
- भर्ती की सेवा शर्तें मध्यप्रदेश शासन के संविदा नियम के अनुरूप मान्य होगी।
- विस्तृत विज्ञापन, पात्रता की शर्ते, ऑनलाइन आवेदन की तिथि, विज्ञापित पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक/ तकनीकी/ अहर्ताएं, प्रक्रिया, आदि अन्य विवरण वेबसाइट आदि अन्य विवरण https://mppolice.gov.in एवं https://services.mp.gov.in/eservice/ पर उपलब्ध हैं।
- साक्षात्कार हेतु चयनित उम्मीदवारों की सूची एवं तत्पश्चात् साक्षात्कार की तिथि उपरोक्त वेबसाइट https://mppolice.gov.in एवं https://services.mp.gov.in/eservice/ उपलब्ध कराई जायेंगी।
- आवेदन प्रारंभ की तिथि: **10.02.2023**
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: **25.02.2023**

पुलिस महानिरीक्षक (एटीएस)

ऑनलाइन आवेदन करने के संबंध में निर्देश निम्नानुसार है:
(कृपया आवेदन भरने से पहले विज्ञापन में दी गई समस्त जानकारी और शर्तों को अच्छी तरह पढ़ लें।)

1. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया से लेकर अंतिम चयन की प्रक्रिया तक सभी आवश्यक सूचनाएँ जैसे विस्तृत विज्ञापन, पात्रता की शर्ते, ऑनलाइन आवेदन की तिथि, विज्ञापित पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक/ तकनीकी/ अहर्ताएं, प्रक्रिया, साक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची, साक्षात्कार की तिथि आदि अन्य विवरण वेबसाइट https://mppolice.gov.in एवं https://services.mp.gov.in/eservice/ पर उपलब्ध कराई जायेंगी। अभ्यर्थी नियमित रूप से उक्त वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। किसी भी अभ्यर्थी को कोई भी सूचना व्यक्तिगत रूए से देने हेतु विभाग बाध्य नहीं होगा तथा इस आधार पर कोई भी अभ्यर्थी आपत्ति प्रस्तुत नहीं कर सकता।
2. अभ्यर्थियों का एमपी ई सर्विसेज-पोर्टल पर मूल पंजीकरण करना अनिवार्य है। केवल एमपी ई सर्विसेज-पोर्टल द्वारा अभ्यर्थियों को दिए गए लिंक https://services.mp.gov.in/eservice/ के माध्यम से ही आवेदन करना होगा।
3. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पहले पदों के विवरण के अनुरूप जांच कर स्वयं सुनिश्चित कर ले एवं अहर्ता की स्थिति से पूर्णतया संतुष्ट होने पर ही वे आवेदन पत्र भरे। केवल तभी आवेदन करें जब आप आवश्यक सभी मानदंड को पूरा करते हों। यदि कोई भी अभ्यर्थी किसी भी चरण में अथवा उसके द्वारा दी गई कोई भी जानकारी गलत पाये जाने पर उसका आवेदन पत्र बिना कोई सूचना दिए निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जायेगी।
4. ऑनलाइन आवेदन के लिए अपलोड किये जाने हेतु अभ्यर्थी का नवीनतम फोटोग्राफ (size: 35mm X 45mm) होना चाहिए जो विज्ञापन जारी होने की तिथि के 6 माह पूर्व तक का अथवा विज्ञापन जारी होने के बाद की तिथि में खिचवाया हुआ होना चाहिए। फोटोग्राफ़ अपलोड करने हेतु साइज़ 2 MB से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. अभ्यर्थी को दस्तावेजों की स्पष्ट स्कैन और स्वप्रमाणित प्रति जमा करनी होगी जो ऑनलाइन ई-सर्विस पोर्टल के माध्यम से अपलोड करनी होगी।
6. अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करना ही अनिवार्य है। हार्ड कॉपी के माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएँगे। कोई भी जानकारी न दिए जाने पर अथवा अधूरी जानकारी दिए जाने पर आवेदन को अपूर्ण मानकर निरस्त किया जायेगा।
7. भर्ती की सेवा-शर्ते मध्यप्रदेश शासन के संविदा नियम के अनुसार मान्य होंगी।
8. आयु संबंधी प्रमाण के लिए सामान्यतया हाई स्कूल / मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट मान्य होंगे। अन्य प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।
9. साक्षात्कार के समय अभियार्थों को आवेदित पदों से संबंधित आवश्यक शैक्षणिक अहर्ताओं का प्रमाण-पत्र, समस्त वर्ष की अंकसूचियों, तकनीकी शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य अहर्ता जो संबंधित पद के लिए आवश्यक है की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसके परीक्षण उपरांत अभ्यर्थी की अहर्ता (Eligibilty) की जांच की जायेगी।

10. यदि अभ्यर्थी मध्य प्रदेश शासन के अधीन शासकीय विभाग/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत हो अथवा भारत सरकार अथवा उनके किसी भी उपक्रम की सेवा में कार्यरत हो या राष्ट्रीयकृत / अराष्ट्रीयकृत बैंक, निजी संस्थानों मे कार्यरत हो तो वे आवेदन कर सकते है परन्तु ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व उन्हें अपने नियुक्ति प्राधिकारी / कार्यालय प्रमुख से लिया गया "अनापत्ति प्रमाण पत्र" साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अनापत्ति प्रमाण पत्र का प्रारूप परिशिष्ट – 'अ' में संलग्न है।

11. ऐसे अभ्यर्थी को आपराधिक अभियोजन के लिए दोषी ठहराया जायेगा:

    i. जिन्होंने फर्जी दस्तावेज या ऐसी दस्तावेज प्रस्तुत किये हो जिनमे फेरबदल किया हो, या

    ii. पररूप धारण (impersonation) किया हो या किसी भी व्यक्ति से पररूप धारण कराया हो, या

    iii. चयन के किसी भी स्तर (Stage) पर असत्य जानकारी दी हो या सारभूत जानकारी छिपायी हो, या अनुचित साधनों का उपयोग किया हो या करने का प्रयास किया हो, या

12. विज्ञप्ति में लिखित शर्ते महत्वपूर्ण निर्देश / जानकारी आदि के निर्वचन का अधिकार पुलिस महानिदेशक का रहेगा एवं इस संबंध में किसी अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जायेगा एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बंधनकारी होगा।

13. आवेदन प्रारंभ की तिथि: 10.02.2023

14. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 25.02.2023

परिशिष्ट – 'अ'

# <u>अनापत्ति प्रमाण पत्र</u>

यह प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका........................................

पिता/पति............................................... निवासी ................................................

.............................. हमारे विभाग........................................में ..............................

पद पर दिनांक ................. से पदस्थ है। किसी अन्य संस्था/विभाग द्वारा इन्हें चयनित किये जाने

पर विभाग ...................को कोई आपत्ति नहीं है।

हस्ताक्षर

अधिकारी का नाम

विभाग का नाम

दिनांक